# लाल सागर और पनामा नहर

## प्रलिम्सि के लयि:

[लाल सागर व्यापार मार्ग](), पनामा नहर, केप ऑफ गुड होप, हूती वद्रिोही, स्वेज नहर, बेन गुरयिन नहर परयिोजना, MV केम प्लूटो

## मेन्स के लयि:

लाल सागर और पनामा नहर में प्रमुख मुद्दे, वैश्वकि व्यापार में समुद्री परविहन का महत्त्व

**स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस**

## चर्चा में क्यों?

लाल सागर व्यापार मार्ग में जहाज़ों पर हाल के हमलों और पनामा नहर में चल रही सूखे की समस्या ने वैश्वकि व्यापार व्यवधानों के बारे में चतिाएँ बढ़ा दी हैं।

## वर्तमान में लाल सागर और पनामा नहर में मुख्य मुद्दे क्या हैं?

- **लाल सागर:**
  - **मुद्दा: रासायन पदार्थों से भरे टैंकर MV केम प्लूटो** पर गुजरात के तट से लगभग 200 समुद्री मील दूर एक ड्रोन हमला हुआ था।
    - **MV केम प्लूटो** एक लाइबेरयिा-ध्वजांकति, जापानी स्वामत्वि वाला और नीदरलैंड द्वारा संचालति रासायनकि टैंकर है। इसने **सऊदी अरब के अल जुबैल** से कच्चा तेल लेकर अपनी यात्रा शुरू की थी और इसके **भारत के न्यू मैंगलोर** पहुँचने की उम्मीद थी।
  - **कथति रूप से शामलि:** ऐसा माना जाता है क**ि गज़ा** में **इज़रायल** की कार्रवाइयों के वरिोध का हवाला देते हुए, यमन स्थति हूती वद्रिोहयिों द्वारा इसे अंजाम दयिा गया था।
    - हूती वद्रिोही यमन सरकार के साथ **एक दशक से चल रहे नागरकि संघर्ष में भी शामलि** हैं।
  - लाल सागर मार्ग में व्यवधान से केप ऑफ गुड होप के माध्यम से शपिगि की जाएगी जसिके परणिामस्वरूप भारतीय **कृषि उत्पादों की कीमत में 10-20% की वृद्धि** हो सकती है।
    - **भारत पर प्रभाव:** इस महत्त्वपूर्ण व्यापार मार्ग में व्यवधान के कारण **भारतीय तेल आयातकों और बासमती चावल तथा चाय** जैसी प्रमुख वस्तुओं के नरि्यातकों के लयि चतिाएँ पैदा हो गई हैं।

//




**नोट:** प्रमुख शिपिंग कंपनियों द्वारा लाल सागर मार्ग से व्यापार न करने के कारण तेल एवं पेट्रोलियम के वैश्विक प्रवाह में गिरावट आई है। **हालाँकि, रूस से भारत का तेल आयात अप्रभावित रहा है।**

- लाल सागर में संघर्ष के बीच, [रूसी तेल पर भारत की निर्भरता]() - जिसे ईरान के सहयोगी के रूप में देखा जाता है - **स्थिर बनी हुई है।**

- **पनामा नहर:**
  - **मुद्दा:** सूखे की स्थिति के कारण, **पनामा नहर के 51-मील विस्तार के माध्यम से शिपिंग में 50% से अधिक की कमी** आई है।
    - मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में सामान्य से अधिक गर्म समुद्री जल से संबंधित प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाला **अल-नीनो जलवायु पैटर्न** पनामा के सूखे में योगदान दे रहा है।
  - **प्रभाव:** जल की यह कमी **एशिया से अमेरिका जाने वाले जहाज़ों को स्वेज़ नहर का विकल्प** चुनने के लिये मजबूर कर रही है, जिससे पनामा नहर मार्ग की तुलना में अतिरिक्त छह दिन का समय लगता है।
    - **लाल सागर क्षेत्र में [स्वेज़ नहर]() की ओर जाने वाली बाब-अल-मंडेब जलडमरूमध्य** एशिया को यूरोप से जोड़ती है जबकि 100 वर्ष पुरानी पनामा नहर अटलांटिक व प्रशांत महासागरों को जोड़ती है।
      - ये दोनों जल मार्ग विश्व के सबसे व्यस्ततम मार्गों में से एक हैं।


Rotterdam
EUROPE
ASIA
Seuz Canal
Through the Suez Canal
Around 8,500 nautical miles
in a 26-day trip
AFRICA
Singapore
Around the southern tip of Africa
Around 11,800 Nautical miles
in a 36-day trip
Graphic: IE Design




## वैश्विक व्यापार में समुद्री परिवहन की क्या भूमिका है?

- **व्यापक मात्रा तथा मूल्य वाहक:** [व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन](#)**- UNCTAD के अनुसार** समुद्री परिवहन **कुल परिवहन मात्रा में वैश्विक व्यापार का 80% तथा मूल्य के हिसाब से 70% से अधिक का योगदान** देता है, जो परिवहन के अन्य माध्यमों से कहीं अधिक है।
- वर्ष 2019 तक वार्षिक विश्व परिवहन व्यापार का कुल मूल्य **14 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर** से अधिक तक पहुँच गया था।
- **पर्यावरणीय संदर्भ:** जबकि शिपिंग [वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन](#) में **लगभग 3% का योगदान** देता है, यह अपेक्षाकृत अधिक ईंधन-कुशल है और हवाई माल ढुलाई जैसे परिवहन के अन्य तरीकों की तुलना में प्रति टन कार्गो का कम उत्सर्जन करता है।
- **ऊर्जा स्रोतों का परिवहन:** विश्व के अधिकांश ऊर्जा संसाधनों, जैसे तेल एवं प्राकृतिक गैस का परिवहन समुद्र द्वारा किया जाता है। टैंकर इन संसाधनों को **उत्पादन क्षेत्रों से उपभोक्ता क्षेत्रों तक** ले जाते हैं, जो वैश्विक ऊर्जा मांगों को पूरा करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## भारत इन मुद्दों की संवेदनशीलता/सुभेद्यता को कम करने के लिये क्या उपाय अपना सकता है?

- **संयुक्त समुद्री सुरक्षा पहल:** प्रमुख लाल सागर हितिधारकों (**मिस्र, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, यमन**) के साथ एक सहयोगी सुरक्षा ढाँचे का प्रस्ताव जिसमें **खुफिया जानकारी साझा करना, समन्वित गश्त** और **संयुक्त अभ्यास** शामिल हैं।
- **उन्नत निगरानी प्रणालियों की तैनाती:** खतरे का शीघ्र पता लगाने और प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिये भारत के पश्चिमी तट पर **एकीकृत रडार एवं ड्रोन निगरानी प्रणालियाँ स्थापित की जा सकती हैं।**
- **तरजीही/अधिमानी अभिगम पर वार्ता: भारतीय जहाज़ों के लिये तरज़ीही/अधिमानी मार्ग** या **विशिष्ट मार्गों के लिये** संभावित टोल छूट संबंधी संभावनाओं का लगाने हेतु **पनामा नहर अधिकारियों के साथ संवाद** किया जाना चाहिये।

## वैकल्पिक व्यापार मार्गों पर विचार

हाल ही में, **बेन गुरियन नहर परियोजना** में नए सिरे से रुचि बढ़ी है, एक प्रस्तावित 160 मील लंबी समुद्र-स्तरीय नहर जो स्वेज़ नहर को दरकिनार/बाइपासिंग करते हुए **भूमध्य सागर** को **अकाबा की खाड़ी** से जोड़ेगी।




## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2019)**

| **समुद्र** | **सीमा वाला देश** |
|---|---|
| 1. एड्रियाटिक सागर : | अल्बानिया |
| 2. काला सागर : | क्रोएशिया |
| 3. कैस्पियन सागर : | कज़ाकिस्तान |
| 4. भूमध्य सागर : | मोरक्को |
| 5. लाल सागर : | सीरिया |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) केवल 1, 2 और 4
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/red-sea-and-panama-canal